खबर संक्षेप

नवरात्रि से पहले मैहर की सड़कों की बदहाली बनी चिंता, दर्शनार्थियों को हो सकती है परेशानी

मैहर। आगामी 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ होने जा रहा है। नवरात्रि के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां शारदा के दर्शन के लिए मैहर पहुंचेंगे। ऐसे में शहर की मुख्य सड़कों की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। मैहर रेलवे स्टेशन से लेकर स्टेट बैंक चौराहे तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे,उखड़ी गिट्टी और खराब सड़क मार्ग नजर आ रहा है। तस्वीरों में सड़क की स्थिति साफ दिखाई दे रही है। नवरात्रि के दौरान इसी मार्ग से हजारों की संख्या में बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों और स्थानीय लोगों का आवागमन होगा। ऐसे में धूल,गड्ढों और जर्जर सड़क के कारण वाहन चालकों के साथ पैदल यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले शहर की प्रमुख सड़कों को दुरुस्त किया जाना बेहद जरूरी है। मैहर मां शारदा की पावन नगरी है और यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु शहर की व्यवस्थाओं को भी मैहर की पहचान के रूप में देखता है। नगरपालिका प्रशासन से विशेष ध्यान देने की मांग श्रद्धालुओं की सुविधा और मैहर की बेहतर छवि को देखते हुए मैहर नगर पालिका प्रशासन, सीएमओ,नगरपालिका अध्यक्ष एवं संबंधित प्रशासनिक अमले से मांग की गई है कि नवरात्रि प्रारंभ होने से पहले रेलवे स्टेशन से स्टेट बैंक चौराहे तक सड़क का निरीक्षण कराकर गड्ढों को भरवाया जाए,उखड़ी गिट्टी को हटाकर सड़क को व्यवस्थित कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत एवं डामरीकरण का कार्य कराया जाए। नवरात्रि में मां शारदा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सड़क,साफ-सफाई और सुगम यातायात की सुविधा मिले-यही मैहर की धार्मिक नगरी की गरिमा और पहचान के अनुरूप होगा।

वृद्धजनों की सेवा कर किया सम्मानित

सेवा और सम्मान के साथ वृद्धजनों के बीच मनाया सेवा का भावपूर्ण अवसर

मैहर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत मां शारदा प्रबंधक समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा एवं सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सह जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह,सांसद गणेश सिंह तथा विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की और उनकी सेवा कर सम्मानित किया। विधायक श्री खंडेलवाल ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य, आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनके प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का भाव व्यक्त किया। इस अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित कर उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत मां शारदा प्रबंधक समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह, विधायक हेमंत खण्डेलवाल और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

मेडिकल कॉलेज रोड पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर, आधा किमी मार्ग अतिक्रमण मुक्त







सतना।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार को सतना में मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग पर बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की। सड़क के दोनों ओर लंबे समय से बने अवैध कब्जों और बाधाओं को हटाकर करीब आधा किलोमीटर लंबे मार्ग को पूरी तरह साफ कराया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया। मौके पर रघुराजनगर एसडीएम राहुल सिलाडिया,तहसीलदार सौरभ मिश्रा,कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी तथा जल संसाधन विभाग के एसडीओ आशुतोष मिश्रा अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। मार्ग से पक्के और अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने 3 जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद ली। इस दौरान किसी भी तरह के विरोध या अव्यवस्था से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में राजस्व एवं पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन की इस मुस्तैदी से मेडिकल कॉलेज जाने वाले मुख्य मार्ग की चौड़ाई बढ़ी है,जिससे अब मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

सेमरिया चौक पर मनमानीः सड़क पर तंबू गाड़ अतिक्रमण, बीच राह ऑटो का पहरा; बेफिक्र बना निगम का अतिक्रमण अमला



सतना। शहर का प्रमुख और व्यस्ततम सेमरिया चौराहा इन दिनों अव्यवस्थाओं और अतिक्रमण की चपेट में है। चौराहे पर सरेआम बांस-बल्ली और तिरपाल के सहारे तंबू तानकर पक्का अतिक्रमण कर लिया गया है,लेकिन हैरत की बात यह है कि नगर निगम का बेदखली और अतिक्रमण दस्ता सब कुछ जानते हुए भी अंजान बना बैठा है। जिम्मेदार विभाग की इस खामोशी से अवैध कब्जाधारियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। चौराहे पर आफत सिर्फ अतिक्रमण तक ही सीमित नहीं है। यहां ऑटो चालकों की दादागिरी और मनमानी ने आम जनता का जीना मुहाल कर रखा है। बीच सड़क पर बेतरतीब ऑटो खड़े कर सवारी बैठाने के चक्कर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। न तो इन चालकों में यातायात नियमों का खौफ है और न ही प्रशासन का कोई डर। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि चौराहे से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। एक तरफ सिमटती सड़क और दूसरी तरफ ऑटो चालकों की मनमानी से हादसे का अंदेशा बना रहता है। अब देखना यह होगा कि कुंभकर्णी नींद में सो रहा प्रशासन इस अव्यवस्था पर कब तक लगाम कसता है या फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे बैठा रहता है।

मां शारदा मंदिर की पहाड़ी पर फिर दिखा तेंदुआ, श्रद्धालुओं ने मोबाइल में किया कैद, 2-3 माह से लगातार मूवमेंट



मैहर। मां शारदा देवी मंदिर की पहाड़ी पर तेंदुए की लगातार मौजूदगी से श्रद्धालुओं में एक बार फिर दहशत का माहौल है। मंदिर पहाड़ी के ऊपर तृतीय चक्र के वैन मार्ग पर शनिवार शाम तेंदुआ एक बार फिर नजर आया। वहां से गुजर रहे श्रद्धालुओं ने तेंदुए को अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। आज रविवार को इसका वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ पिछले करीब तीन माह से मंदिर की पहाड़ी और आसपास के वन क्षेत्र में लगातार मूवमेंट कर रहा है। इससे पहले भी पहाड़ी क्षेत्र और श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले रास्तों पर तेंदुए की मौजूदगी के वीडियो सामने आ चुके हैं। लगातार हो रही मूवमेंट के चलते श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।गौरतलब है कि तेंदुए की लगातार गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग भी पहले से ही अलर्ट मोड पर है। वन विभाग की टीम द्वारा मंदिर पहाड़ी के वैन मार्ग सहित उन स्थानों पर निगरानी बढ़ाई गई है,जहां श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। तेंदुए की वैज्ञानिक तरीके से पहचान और उसके मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए वन विभाग ने करीब 20 ट्रैप कैमरे लगाए हैं। इन कैमरों के जरिए तेंदुए की तस्वीरें और उसकी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा रहा है,जिससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्षेत्र में लगातार दिखाई दे रहा तेंदुआ वही है या अलग-अलग वन्यजीवों की मौजूदगी है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है। श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि पहाड़ी और वन क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब न जाएं,उसका पीछा न करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।वन्यजीव की गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को देने की अपील की गई है।

पुलिस ने चलाया 'सेवा मेरा योगदान' अभियानः साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति किया जागरूक



सतना। समाज में सुरक्षित,जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत सतना पुलिस ने व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह कार्यक्रम जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उचेहरा,रामपुर बघेलान,नागौद,मझगवां तथा शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,सतना में आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति की जानकारी दी। साइबर सुरक्षा पर जोर देते हुए अधिकारियों ने बताया कि अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी,OTP या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। फर्जी KYC, ई-चालान और अज्ञात लिंक जैसे साइबर फ्रॉड से सावधान रहने की सलाह दी गई। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया। इसके अलावा,वाहन चलाते समय हेलमेट-सीटबेल्ट का उपयोग करने और नशे की हालत में ड्राइविंग न करने का संदेश दिया गया। युवाओं को नशे के शारीरिक,मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण की प्रेरणा दी गई।

प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास,3 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज़



सतना। कोलगवां थाना क्षेत्र में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आया है। फरियादी जगविजय उर्फ जग्गी वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 और 5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 25 वर्षीय फरियादी जग्गी वर्मा ने पुलिस को दी आवेदन में बताया कि वह शिक्षित हैं और लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे हैं।आरोपी कंचन महतो उन्हें ईसाई धर्म मानने वाली रेनू समुद्रे के पास ले गया,जहां उन्हें अच्छी नौकरी मिलने और सभी कष्ट दूर होने का झांसा दिया गया। 4 अक्टूबर को जब फरियादी टिकुरिया टोला स्थित रेनू समुद्रे के घर पहुंचे,तो वहां आरोपी ईशू समुद्रे और अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोपियों ने फरियादी से हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य,नौकरी और रहने का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। मामले का भंडाफोड़ होने पर फरियादी ने विकास चतुर्वेदी और अश्वनी दाहिया के साथ थाना कोलगवां पहुंचकर आरोपियों (रेनू समुद्रे,कंचन महतो और ईशू समुद्रे) के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई,जिस पर पुलिस ने त्वरित वैधानिक कार्यवाही की है।

कोठी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहा ट्रक जब्त, 41 मवेशी मुक्त



सतना।

पुलिस अधीक्षक डॉ.हंसराज सिंह के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे और एसडीओपी नागौद रघु केशरी के मार्गदर्शन में कोठी थाना पुलिस ने अवैध मवेशी परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 41 मवेशियों से भरे ट्रक को जब्त किया है। घटना के अनुसार,04अक्टूबर की दरम्यानी रात ग्राम गुलुआ में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक UP-71 AT-6880 में पशुओं को लादकर ले जाया जा रहा है।पुलिस टीम ने जब ग्राम गुलुआ मोड़ पर दबिश दी,तो आरोपी चालक ट्रक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे गए 17 भैंस और 24 पड़वे (कुल 41 मवेशी) पाए गए। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर सभी मवेशियों को सुरक्षित मुख्यमंत्री गौसेवा केंद्र,नयागाँव (कोठी) भिजवाया। मामले में अज्ञात चालक एवं वाहन मालिक के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत अपराध क्रमांक 290/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नागरिकों से किया सीधा संवाद



सतना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत लोटन अखाड़ा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया और नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। नगर पालिक निगम सतना द्वारा 'सरकार आपके द्वार' के तहत पूरे नगर निगम क्षेत्र में सभी जोन कार्यालयों सहित सामुदायिक भवन लोटन अखाड़ा में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में कुल 544 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें से 244आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा के निर्देशन में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही की गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,विधायक विक्रम सिंह,विधायक राजेंद्र कुमार सिंह,चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव,भाजपा जिलाध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय,विन्ध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी तथा नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

माँ शारदा नगरी में प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान, समिति सदस्यों ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

मैहर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के मैहर आगमन पर मां शारदा समिति सदस्य की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया गया।प्रदेश अध्यक्ष के मैहर पहुंचने पर समिति सदस्य सचिन मिश्रा,आलोक अग्रवाल,एवं कृष्णा चौरसिया ने मां शारदा की स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मां शारदा की पावन नगरी में हुए इस आत्मीय स्वागत के दौरान समिति सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल के मैहर आगमन को महत्वपूर्ण बताते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रदेश अध्यक्ष ने भी मां शारदा की स्मृति चिन्ह को श्रद्धापूर्वक स्वीकार करते हुए समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान धार्मिक आस्था और राजनीतिक सौहार्द का भावपूर्ण संगम देखने को मिला। मां शारदा की नगरी में प्रदेश अध्यक्ष का यह स्वागत कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा।



ट्रक के ऊपर गिरा पेड़, बाल-बाल बची जान

मैहर। वार्ड न. 22 कटियाकला स्थित पेट्रोल टंकी के पास एक विशालकाय इमली के पेड़ का हिस्सा ट्रेलर (ट्रक) के ऊपर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय ट्रक खाली था और ड्राइवर बाहर बैठा हुआ था,जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पेड़ ट्रक के ऊपर से होते हुए सड़क पर पड़ा है,जिससे अमरपाटन तरफ से मैहर शहर आने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। और आवागमन बाधित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मार्ग को जल्द सुरक्षित तरीके से बहाल करने की मांग की है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का मैहर में किया गया स्वागत



मैहर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मैहर नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर माता की रसोई के संचालक धीरज पांडेय एवं उनके पुत्र युवा नेता सौरज पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल को अजगर माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया और कार्यक्रम स्थल भाजपा के जय घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में नंदिता पाठक,सांसद गणेश सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,विकास तिवारी,कुलदीप तिवारी ,धीरज पांडेय,सौरज पांडेय एवं प्रियांश श्रीवास्तव सहित भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब और कार्यकर्ताओं का उत्साह मैहर में भाजपा संगठन की मजबूत सक्रियता का संदेश देता नजर आया। धीरज पांडेय एवं सौरज पांडेय द्वारा किए गए भव्य स्वागत की कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सराहना की।

खबर संक्षेप

रासलीला की भक्ति में सराबोर हुआ सब जेल पवई परिसर, कंस वध के बाद हुआ कृष्ण-रुक्मिणी विवाह



पवई। सब जेल पवई में जेल प्रशासन के मार्गदर्शन एवं विशेष पहल पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास डॉ. रजनीश शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, कंस वध तथा भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान रासलीला के माध्यम से जीव और परमात्मा के निष्काम प्रेम एवं पूर्ण समर्पण का आध्यात्मिक संदेश दिया गया। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अत्याचारी कंस के वध का प्रसंग सुनाया गया, जो अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। कथा के समापन पर भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा परिसर भक्ति, उल्लास और मंगल भाव से सराबोर हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं एवं बंदियों ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जेल प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य बंदियों के भीतर आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक सोच, सदाचार और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की भावना को प्रोत्साहित करना है।

सेवा सेतु एवं जन विश्वास अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक ने किया कल्दा वन धन विकास केंद्र का निरीक्षण

आदिवासी महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के प्रयासों की सराहना, वनोपज आधारित उत्पादों के विविधीकरण एवं विपणन पर दिया जोर

पन्ना। विगत दिवस 03 अक्टूबर 2026 को सेवा सेतु एवं जन विश्वास अभियान के अंतर्गत भारतीय वन सेवा की वरिष्ठ अधिकारी एवं मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की प्रबंध संचालक श्रीमती कमलिका मोहंता ने दक्षिण पन्ना वनमंडल के कल्दा स्थित वन धन विकास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र से जुड़ी आदिवासी महिलाओं से चर्चा कर उनकी आजीविका, उत्पाद निर्माण एवं विपणन गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महुआ लड्डू के अतिरिक्त महुआ से मुरक्का जैसे अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने की संभावनाएँ तलाशने का सुझाव दिया। साथ ही, कल्दा के शहद के विपणन में उसकी प्राकृतिक एवं वन-आधारित पहचान को प्रमुखता देने पर जोर दिया।

जब रॉयल्टी का टोकन ट्रेक्टर वाले लेकर चलते है तो फिर अलग-अलग स्थानों पर अतिरिक्त राशि देने की जरूरत क्यों?

रेत की मंडी से ही हो रहा खुलासा, आखिर रेत के कारोबार में कैसा खेल

अजयगढ से रेत केन नदी की या खेत की कौन सी खदान की किसका परमिट रॉयल्टी का बाईपास रेत मंडी में ट्रेक्टर चालकों ने जो टोकन दिखाया उसमें क्रमांक 584 का उल्लेख खदान का नाम भानपुर दर्ज बताया गया वहीं स्टाक प्वांठ वाहन रॉयल्टी तथा मात्रा के कालम रिक्त जब टोकन लेकर चलते है तो अलग-अलग स्थानों पर अतिरिक्त राषि किसको देनी पड़ती है मिट्टी युक्त रेत का खेल धडल्ले से जारी ट्रेक्टर चालकों ने किसी मल्होत्रा कानाम आखिरकार क्यों बताया क्या मल्होत्रा खेत की खदान चलाते है कौन है मल्होत्रा यह तो जिम्मेदार खनिज विभाग के अधिकारी ही पर्दाफास कर सकते है।



पन्ना।

जिस तरह से रेत का खेल लंबे अर्से से बारिस के समय में भी जारी रहा जिला मुख्यालय में बाईपास में रेत की मंडी भी बना दी गई जहां ट्रेक्टरों से रेत अजयगढ से आती है सवाल यह उठता है कि जिन ट्रेक्टरों में रेत लाई जाती है क्या ये ट्रेक्टर कृषि कार्य हेतु किसानों ने लिये या फिर रेत के कारोबार को सवाल नं0 -2 अगर वैद्य रायल्टी का टोकन लेकर ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर में रेत लेकर चलते है तो फिर इन्हें अतिरिक्त राषि क्यों दनी पड़ती है जो ट्रेक्टर चालकों ने दावा किया है अतिरिक्त राषि देने का सोषल मीडिया में यह खबर स्वयं बयां कर रही है। इतना ही नहीं ट्रेक्टर चालकों के द्वारा जो बताया जा रहा है किसी मल्होत्रा का नाम कौन है मल्होत्रा आखिर रेत खदान कहां स्वीकृत किसकी स्वीकृत वहीं खनिज निरीक्षक शुभम साहू ने अपनी बात कही मुझे अभी नयां प्रभार मिला है सवाल यह उठता है कि रेत का कारोबार जिस तरह से तहसील अजयगढ से लेकर जिला मुख्यालय में रेत की मंडी में ही सामने है आखिर यह कैसी दास्तां अगर ट्रेक्टर चालक सही रॉयल्टी देकर टोकन लेकर रेत लाते है तो फिर अतिरिक्त राषि इनसे कौन ले रहा है वहीं भानपुर खदान का उल्लेख जो बताया जा रहा है यह खदान किसकी और कहां खेत में या नदी में सवाल का जवाब यहीं नहीं जिम्मेदारों से खत्म होता मिट्टी युक्त रेत की परमीषन पूरे जिले में क्यों दी गई जिससे शासकीय योजनाओं के माध्यम से विभिन्न विभागों में निर्माण कार्यों में मिट्टी युक्त रेत लगाई जा रही है आखिर गुणवत्ता को लेकर कौन जिम्मेवार है वहीं रेत की परत-दर-परत पारदर्षिता को लेकर सवाल जो छिपे हुये है क्या जिले के खनिज विभाग के द्वारा मिलकर मिली भगत से या तो खुली छूट दी गई है या फिर कार्यवाही जांच पडताल करने की जुर्रत की जायेगी ताकि मामले का पर्दाफास हो सके आखिरकार रेत का खेल क्या दो नम्बर का किसका टोकन किसकी खदान कितनी रॉयल्टी कितनी मात्रा अगर सब सही तो फिर पैसे अतिरिक्त ट्रेक्टर चालकों से क्यों लिये जाते है जो ट्रेक्टर चालकों द्वारा ही बयां किया गया है सच्चाई खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जांच के दौरान जांच के दौरान पर्दाफास करेंगे ताकि रेत के खेल का पर्दाफास पारदर्षिता को लेकर सामने आये।

सेवा सेतु संकल्प अभियान में एक ही छत के नीचे मिली कई विभागों की सेवाएं



अमानगंज। नगर परिषद कार्यालय में रविवार को सेवा सेतु संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा। शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, पेंशन, आधार कार्ड, राजस्व एवं लोक सेवा सहित अन्य विभागों के काउंटर लगाए गए। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया।
इस दौरान पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद राजू चौबे, लखन तिवारी, जयप्रकाश चतुर्वेदी, विक्की अग्रवाल एवं जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई।

शादी के 90 दिन बाद सांप के डसने से नवविवाहिता की मौत, गुनौर अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने का आरोप

परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन, आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन

पन्ना। हाथों की मेहंदी का रंग फीका भी नहीं पड़ा था कि 19 वर्षीय नवविवाहिता सपना बाई वंशकार की सर्पदंश से मौत हो गई। पन्ना जिले के ग्राम मुराछ में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे सोते समय सपना के गाल पर जहरीले सांप ने डस लिया। चीख-पुकार सुनकर जागे परिजनों ने सांप को मार गिराया और अचेत अवस्था में सपना को तत्काल गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि गुनौर अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें वहां डॉक्टर नहीं मिले। परिजनों के मुताबिक ड्यूटी पर मौजूद नर्सों द्वारा भी तत्काल उपचार नहीं किया गया और बिना प्राथमिक उपचार एवं एंटी-वेनम दिए उन्हें पन्ना जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इसके बाद परिजन सपना को पन्ना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि यदि गुनौर अस्पताल में समय पर उपचार मिल जाता तो शायद सपना की जान बच सकती थी। महज तीन महीने पहले सोनू वंशकार से विवाह हुआ था। नवविवाहिता की मौत से मुराछ गांव में शोक के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आक्रोश का माहौल है।



विधायक ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई

वहीं पूरे मामले को लेकर जब गुनौर विधायक डॉ. राजेश कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने मामले की जांच के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही है। विधायक ने घटना को गंभीर बताते हुए मामले की वास्तविकता सामने आने के बाद जिम्मेदारी तय किए जाने की बात कही। इधर पुलिस ने रविवार 4 अक्टूबर को करीब 12 बजे मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में अब परिजनों द्वारा लगाए गए अस्पताल में लापरवाही के आरोपों की जांच और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

इनका कहना है -

सुचना मिली है की साफ के काटने से नव विवाहता की मौत हुई है यदि इन्हे ट्रीटमेंट नहीं मिला है जिस भी डॉक्टर की ड्यूटी थी मैं जांच करुंगा और टीम गठित करता हूं और तीन सदस्य तीम इसकी जांच करेगी ट्रीटमेंट नहीं किया या रेफर किया जो भी होगा जो भी रिपोर्ट आएगी उसके अकॉर्डिंग कार्रवाई की जाएगी।
(सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार तिवारी)
बच्ची हमारे पास आई थी रात के समय एक 2:00 के समथिंग उसे टाइम हम और हमारा स्टाफ था नर्स थीं देखा उस टाइम बच्ची की कंडीशन सामान्य थी उनके साथ जो परिजन आए थे वह लोग झाड फुक की बात कर रहे थे और लेकर चले गए।
(डॉ ओंकारनाथ मेडिकल ऑफिसर गुनौर)
रात को हम बच्ची को लेकर यहां अस्पताल में आए यह इलाज नहीं किया गया बोल दिया गया कि पन्ना ले जाओ हमारे पास इंजेक्शन नहीं है। उसके बाद पन्ना ले गए तो रास्ते मे ख़त्म हो गई।

उत्तर वन मण्डल पन्ना अंतर्गत धरमपुर परिक्षेत्र में वन अमले की मुस्तैदी, अवैध कटाई व परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित भारी मात्रा में वनोपज जब्त, आरोपी ने जुर्म स्वीकारा

पन्ना।

मुख्य वन संरक्षक (छतरपुर वृत्त) एवं वनमण्डलाधिकारी (उत्तर वनमण्डल पन्ना) के कुशल मार्गदर्शन व कड़े निर्देशों के अनुपालन में उत्तर वनमण्डल पन्ना अंतर्गत वन क्षेत्रों की सघन निगरानी की जा रही है। वन अपराधों एवं अवैध कटाई पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अमले द्वारा निरंतर दिन-रात पेट्रोलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वन परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत रात्रि गश्त के दौरान वन अमले को अवैध वनोपज परिवहन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

घटना का विवरण एवं रात्रि कार्रवाई

परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत बीट धरमपुर में रात्रि गश्त के दौरान वन दल को दिविहा ग्राम की ओर ट्रैक्टर-ट्रॉली के संचालन की ध्वनि सुनाई दी। अमले ने तत्काल सतर्कता बरतते हुए टॉर्च की रोशनी में क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। रात के अंधेरे का लाभ उठाकर चालक ट्रैक्टर को



छुपाने में सफल रहा, किंतु मौके पर वन अमले को सतकठा प्रजाति की बल्लियों का भारी ढेर लावारिस हालत में मिला। वन अमले ने तत्परता दिखाते हुए अन्य ट्रैक्टर की व्यवस्था कर मौके से समस्त वनोपज को विधिवत जब्त किया और सुरक्षित अभिरक्षा हेतु वन चौकी पयारी लाया गया।

सघन सर्चिंग एवं लावारिस वाहन की जब्तीरू''

प्रातःकाल वन दल ने जब्ती स्थल एवं आसपास के वन क्षेत्र में पुनः कॉम्बिंग व सर्चिंग शुरू की। सघन तलाशी के दौरान झाड़ियों के भीतर छिपाकर खड़ा किया गया एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद हुआ। वाहन के समीप कोई भी व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला, जिस पर वन अमले ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर विधिक जब्ती की कार्रवाई की।

पूछताछ में आरोपी ने जुर्म किया स्वीकाररू''

ग्रामीणों से की गई सूक्ष्म पड़ताल में ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम दिविहा निवासी रामशरण पिता बाबूलाल कुशवाहा की होना ज्ञात हुआ। वन अमले द्वारा संदेही रामशरण को पूछताछ हेतु वन चौकी पयारी तलब किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने भाई रामलखन कुशवाहा के साथ मिलकर सेटरिंग कार्य हेतु बीट धरमपुर के दिविहा हार क्षेत्र से सतकठा वृक्षों की अवैध कटाई की थी। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि रात्रि में जब वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वनोपज लोड करने पहुँचा, तभी वन दल की टॉर्च की रोशनी देखकर डर के मारे ट्रैक्टर को झाड़ियों में छिपाकर मौके से भाग गया था।

विधिक कार्रवाई जारीरू''

आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने के उपरांत वन अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध वनोपज एवं प्रयुक्त स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्ती करते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सराहनीय भूमिका-

उक्त त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर मनोज सिंह बघेल के नेतृत्व में वनरक्षक आनन्द सिंह, उमंग खरे, रामखगेश पटेल, हेमराज अहिरवार, शिववरन प्रजापति एवं महेन्द्र साहू की भूमिका सराहनीय रही।

सेवा सेतु अभियान के तहत नगर परिषद में संपन्न हुआ शिविर



वार्ड वासियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण

पवई। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लोगों को उनके गांव-क्षेत्र नगर में ही दिलाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में सेवा सेतु अभियान के तहत 'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किए जा रहे है । शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण किया जाता है,इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन भी लेकर लाभ दिया जाता है। इसी के तहत रविवार को नगर परिषद पवई परिसर में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत ने कार्यक्रम की शुरुआत की । इस दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल,पार्षद देवी खटीक, अजीत बड़ोलिया,अरुण नगायच, पंकज बेहरे,जमुना खटीक,रामभुवन बागरी,प्रहलाद बेहरे सहित प्रशासनिक अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में नगर परिषद,महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उच्च शिक्षा विभाग,शिक्षा विभाग,बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने प्राप्त विभिन्न आवेदनों का मौके पर तुरंत निराकरण किया। वहीं देखा गया है की कुछ विभाग जैसे आयुष विभाग एवं जल संसाधन विभाग हमेशा की तरह समाचार लिखे जाने तक अनुपस्थित रहा।

सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर में, सरकार की योजनाओं से संबंधित पात्रों के लिए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदान किए हितलाभ

पन्ना।

शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में जारी सेवा संकल्प अभियान की मुख्य गतिविधि के तहत 04 अक्टूबर, 2026 को सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार गतिविधि का आयोजन टाउन हॉल पन्ना में किया गया। इस दिशा में नागरिकों को उनके वार्ड स्तर पर पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य नगरीय क्षेत्र पन्ना में मेगा सेवा सेतु शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान में पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय एवं कलेक्टर श्रीमती ऊषा सिंह परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अन्य अतिथि गणों ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डेय ने मंच पर विराजमान शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत किया। इसके उपरांत नपा सीएमओ उमाशंकर मिश्र ने नपा अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय एवं कलेक्टर श्रीमती उषा परमार, जिला पंचायत सीईओ एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उमराव सिंहउ मरावी के लिए गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। स्वागत उपरांत मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथिगणों के सम्मान में नपा अध्यक्ष





श्रीमती मीना पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर शिविर के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बोलते कहा कि शिविर में लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप हितग्राहीमूलक योजनाओं व राजस्व विभाग की नागरिक सेवाओं का लाभ मौके पर स्वीकृत कर प्रदान करना है। श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान को जन विश्वास अभियान के साथ भी संबद्ध किया गया है, जिससे जनता के बीच सुशासन, पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही के विश्वास का सेतु स्थापित हो सके। इस अवसर पर श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने वर्तमान में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जनता से, विशेषकर जरूरतमंद लोगों से उन योजनाओं का लाभ लेने का आवह्नान किया। शिविर प्रारंभ होने के पूर्व हित लाभ प्राप्त करने वाले पात्रों का पंजीयन भी किया गया। शिविर में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष श्रीमती मीणा विष्णु पांडेय सहित अन्य अतिथिगणों ने संयुक्त ने अपने कर कमलों की द्वारा विभिन्न पात्र हितग्राहियों के लिए हित लाभ प्रदान किये। शिविर में महत्वपूर्ण हितलाभ लाभ प्रदान करने की कड़ी में कच्चे आवास एवं आवासहीनों के लिए सरकार की एक दूरदर्शी पहल की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लगभग 33 हितग्राहियों को आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने के लिए उनके खाते में 100000 रुपए की राशि सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान का उन्हें प्रमाण पत्र भी भेंट किये। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती कल्पना यादव, ओपो मजूमदार, सत्य प्रकाश रैकवार, ऋषि, महेश गौड़, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, भाजपा नेता रवि पांडेय, भाजपा नेत्री श्रीमती सुप्रिया बुंदेला आदि की उपस्थिति रही। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीयों, कर्मचारीयों सहित नपा के कर्मचारीयों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार वर्मा ने किया। शिविर में उपस्थितजनों का आभार नपा सीएमओ उमाशंकर मिश्रा ने व्यक्त किया।

प्राणनाथ उत्सव पर दौड़ी पन्ना की युवा पीढ़ी

स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश लेकर निकली विशाल मैराथन, 150 प्रतिभागी सम्मानित

पन्ना।

महामति श्री प्राणनाथ जी के प्रकटन उत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को नगरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशाल मैराथन का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे श्री प्राणनाथ चौक से शुरू हुई मैराथन को पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। युवाओं, युवतियों और बच्चों ने उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया।

'निर्धारित मार्ग पर दौड़े प्रतिभागी। मैराथन श्री प्राणनाथ चौक से अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बलदेवजी मंदिर, छत्रसाल पार्क और गांधी चौक होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों में खासा उत्साह नजर आया। डायमंड फिजिकल एकेडमी के बच्चों ने भी बड़ी संख्या में मैराथन में सहभागिता की।

अमन यादव और समिधा रैकवार ने मारी बाजी'

श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट की ओर से पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान अमन यादव, द्वितीय मोहित अहिरवार और तृतीय स्थान कपिल ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में समिधा रैकवार प्रथम, सुमन अहिरवार द्वितीय और लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैराथन में शामिल करीब 150



प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

धामी ब्रदर्स ने किया आयोजन'

मैराथन का आयोजन धामी ब्रदर्स द्वारा किया गया, जबकि श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट संरक्षक रहा। कार्यक्रम में ट्रस्ट उपाध्यक्ष डीके दुबे, सचिव प्रेम किशोर शर्मा, ट्रस्टी प्रेम कुमार शर्मा, चिदानंद शर्मा, अनिल धामी, नरेंद्र धामी, राजेश कुमार शर्मा, दीप राज शर्मा, प्रबंधक आशीष शर्मा, पूर्व न्यासी राकेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, गोपाल शर्मा, भाजपा नेता अल्पेश शर्मा सहित धामी समाज के लोग मौजूद रहे।

अल्पाहार के साथ हुआ समापन'

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। आयोजन के माध्यम से युवाओं को नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

खबर संक्षेप



सेवा सेतु शिविर में 15 आवेदन प्राप्त, 5 का मौके पर हुआ समाधान

सटई। नगर परिषद सटई की देखरेख में रविवार को हाट बाजार प्रांगण में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर नागरिकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 आवेदनों का अधिकारियों ने मौके पर ही निराकरण कर दिया। शिविर में राजस्व, पुलिस, विद्युत, पशुपालन, वन एवं लोक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। आशा कार्यकर्ताओं और गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भी लोगों को संबंधित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार लक्ष्मी अहिरवार, थाना प्रभारी दिलीप करण नायक, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र कुमार शुक्ला, पशु चिकित्सक डॉ. पवन उदय, समस्त पटवारी, नगर परिषद अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को आवश्यक सामग्री किट का वितरण

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सेवा संकल्प अभियान का आयोजन



छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ छतरपुर जिला इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय वृद्ध आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और स्थानीय व्यापारियों ने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और उन्हें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री की किट भेंट की।
कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री अरविंद त्रिपाठी, विवेक उप्पल, बृजेश राय तथा जिला उपाध्यक्ष विनय पटेरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही नगरमंडल अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, नगरमंडल उपाध्यक्ष निक्की ताम्रकार एवं सत्यम शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।
इस सेवा कार्य में छतरपुर के प्रमुख व्यापारी बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में महेंद्र गंधी, आलोक टिकरया, सुरेंद्र अग्रवाल, हरि प्रकाश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक ताम्रकार, हरिश्चंद चावत, गिरजा पाटकर, चांद बाबू खान, चेतन सोनी, जीतू पटवा, संदीप टिकरया, डॉ. सुनील चौरसिया, चंदन गुप्ता, मयंक रतनानी, कमल गुप्ता, मनोज असाटी, कुंजबिहारी सोनी, श्याम आडवाणी, दास चंद वाधवानी, हरीश लालवानी, सतीश वाधवानी, श्याम वाधवानी, सुनील नागवानी और दिलीप रैकवार (पल्ली दादा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक लालचंद लालवानी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संदीप सोनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी व्यापारीगणों, जनप्रतिनिधियों और वृद्धाश्रम प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील, मुरम-गिट्टी डालकर छोड़ा; धूल से राहगीर और दुकानदार परेशान



बड़ामलहरा। नगर के बीचों-बीच बीकानेर स्वीट्स के पास मुख्य मार्ग लंबे समय से बदहाल पड़ा है। सड़क पर बने गड्ढों में मुरम और गिट्टी डालकर मरम्मत तो की गई, लेकिन डामरीकरण नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। वाहनों की आवाजाही के दौरान दिनभर धूल उडऩे से राहगीरों और सड़क किनारे दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार धूल और उबड़-खाबड़ सड़क के कारण दोपहिया वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद सड़क की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई।

हरियाणा पासिंग स्कॉर्पियो में हो रही थी शराब की तस्करी 40 से 42 पेटी शराब के साथ पुलिस ने 2 पकड़े

लुगासी की शराब दुकान से गढ़ीमलहरा सप्लाई की आशंका



छतरपुर। जिले में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ गढ़ीमलहरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब से भरी एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की है। पुलिस ने वाहन से करीब 40 से 42 पेटी शराब बरामद करने का दावा किया है। इस मामले में दो आरोपियों भुप्पी कोरी और भूपेंद्र कुशवाहा को पकड़ा गया है। जब्त स्कॉर्पियो पर हरियाणा का नंबर दर्ज है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर जिले में अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान गढ़ीमलहरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लुगासी स्थित शराब दुकान से शराब की खेप गढ़ीमलहरा की ओर लाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओशो गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में बड़ी मात्रा में शराब मिली। पुलिस ने शराब सहित स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया और मौके से दो आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शराब की खेप लुगासी स्थित शराब दुकान से गढ़ीमलहरा लाई जा रही थी। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब किसके निर्देश पर ले जाई जा रही थी और इस सप्लाई के पीछे कौन लोग शामिल हैं। यदि जांच में शराब दुकान से अवैध तरीके से शराब की सप्लाई किए जाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा सकती है।

शराब ले जाने में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो पर पंजीयन नंबर एचआर 26 बीके 7779 दर्ज है। पुलिस इस नंबर की वास्तविकता की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वाहन का नंबर सही है या उसमें किसी तरह की गड़बड़ी है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर शराब की खेप के स्रोत और सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

ओबीसी महासभा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन



छतरपुर। शहर के सर्किट हाउस में ओबीसी महासभा जिला इकाई छतरपुर द्वारा मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया को विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ओबीसी महासभा ने प्रदेश सरकार का ध्यान अन्य पिछड़ा वर्ग के लंबे समय से लंबित मुद्दों की ओर आकर्षित कराया है। महासभा ने अपनी प्रमुख मांगों में मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग पर लगे 13 प्रतिशत होल्ड को तुरंत हटाकर छात्रों एवं अभ्यर्थियों को उनका जायज अधिकार और न्याय देने की बात कही है। इसके साथ ही सामाजिक और आर्थिक समानता सुनिश्चित करने के लिए आगामी जनगणना में ओबीसी वर्ग का अलग कॉलम जोड़कर जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। बाकी मामला कोर्ट में होने के कारण इस पर ज्यादा कुछ नहीं कह सकते। इस अवसर पर ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह कुशवाहा सहित जिला पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंदिर में 2 बच्चियों से छेड़छाड़ का आरोपः

बुजुर्ग ने टॉफी देकर बुलाया पास महिलाओं ने चप्पल-डंडों से की पिटाई



छतरपुर। जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सावरी माता मंदिर में दर्शन करने पहुंची 9 और 10 साल की दो सहेलियों के साथ करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया गया है। बच्चियों के परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों और महिलाओं ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चियां शनिवार सुबह करीब 9 बजे सावरी माता मंदिर में दर्शन करने गई थीं। बच्चियों ने आरोप लगाया कि मंदिर में मौजूद नंदकिशोर सोनी ने उन्हें प्रसाद के रूप में टॉफी दी और अपने पास बुलाकर बैठाया। इसके बाद आरोपी ने दोनों बच्चियों के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। आरोप है कि उसने एक बच्ची की फ्रॉक की चेन खोलने का भी प्रयास किया।

घटना के बाद दोनों बच्चियां घबरा गईं और किसी तरह मंदिर से अपने घर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। बच्चियों की बात सुनकर परिजन और ग्रामीण आरोपी की तलाश में जुट गए। बताया जा रहा है कि आरोपी गडिय़ा मोहल्ले में छिपा हुआ था।

पहचान होते ही महिलाओं ने आरोपी को पीटा

परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया। बच्चियों द्वारा उसकी पहचान किए जाने के बाद वहां मौजूद महिलाओं में आक्रोश फैल गया। महिलाओं ने आरोपी की चप्पल और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। इस दौरान आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगता नजर आया। घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात सामने आई है।

नारायणपुरा रोड पर विवाद के बाद वारदात, दो आरोपियों पर मामला दर्ज, एक गिरफ्तार और दूसरा फरार

पुरानी रंजिश में स्कूटी सवार दंपती पर कट्टे से फायर, महिला के कपड़ों में लगे छर्रे



छतरपुर।

सिटी कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुरा रोड पर शनिवार रात स्कूटी से घर लौट रहे दंपती को रोककर विवाद करने और कट्टे से फायर करने का मामला सामने आया है। फायरिंग के दौरान महिला के कपड़ों में छर्रे लगने से छेद हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा फरार है।

जानकारी के अनुसार नारायणपुरा रोड निवासी तालिब सौदागर शनिवार रात अपनी पत्नी खुशनुमा सौदागर के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। जब दोनों अपने मकान के पास पहुंचे, तभी कथित तौर पर दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और आरोपियों ने कट्टे से फायर कर दिया। अचानक गोली चलने से दंपती घबरा गए और किसी तरह वहां से निकलकर अपनी जान बचाई। पीड़िता खुशनुमा सौदागर ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें और उनके पति को निशाना बनाकर गोली चलाई। फायरिंग के दौरान छर्रे जैसी कोई गर्म वस्तु उनके पीछे की ओर लगी, जिससे कपड़ों में छेद हो गए। गनीमत रही कि दंपती को गंभीर चोट नहीं आई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल आए।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पुलिस के अनुसार, फुटेज में रात करीब 8:15 बजे सफेद रंग की स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध युवक तालिब सौदागर का पीछा करते दिखाई दे रहे हैं। तालिब सौदागर ने पुलिस को दिए बयान में अन्नी और टीपू करिया नाम के युवकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। करीब आठ महीने पहले भी उन पर हमला किए जाने की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी। उनका आरोप है कि इसी रंजिश के चलते शनिवार रात दोबारा हमला किया गया।

पुलिस ने पीड़ित के बयान और घटनास्थल के हालात और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्नी उर्फ मेहताब खान और टीपू करिया के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मामले में अन्नी उर्फ मेहताब खान को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि टीपू करिया फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

अन्नपूर्णा मेला जलविहार में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

छतरपुर। श्रावण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलविहार में बाला जी डांस ग्रुप के बच्चों ने शनिवार की शाम रंगारंग सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देर तक दर्शकों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। प्रस्तुतियों की तैयारी ग्रुप की डायरेक्टर कामिनी राजपूत ने कराई थी।



मेला जलविहार अध्यक्ष अशोक गुप्ता सोनू ने बताया कि मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मां अन्नपूर्णा की महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें नर्मदा अस्पताल के संचालक प्रेमनारायण रूसिया, अलंकार ज्वेलर्स के अशोक अग्रवाल एवं बुंदेलखंड मोटर ट्रांसपोर्ट के हर्ष अग्रवाल ने शामिल होकर आरती की। मेला आयोजकों ने अतिथियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बाला जी डांस ग्रुप की डायरेक्टर कामिनी राजपूत को भी अतिथियों ने सम्मानित किया।

प्रेमनारायण रूसिया ने कहा कि अन्नपूर्णा मेला पुराने समय से ही सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि मेले के संस्थापक सदस्यों में नारायण दास कुचया और जुम्मन खां जैसे लोग मिल-जुलकर मेले के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

हर्ष अग्रवाल ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की कृपा से उन्हें भी मेले में सहयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारत में युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। युवा संकल्प लें तो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन राकेश रूसिया ने किया। स्वागत भाषण प्रभात अग्रवाल ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन राजेश रूसिया ने किया। महाआरती और मंचीय कार्यक्रम से पूर्व पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी मेला प्रांगण पहुंचे और मेला समिति के सदस्यों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने मेले के आयोजन को लेकर औपचारिक चर्चा की तथा मां अन्नपूर्णा और विमानों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आशीष शर्मा, बब्बू पिपरसानियां, मदन पिपरसानियां, अजय अग्रवाल, नारायण मिश्रा, आकाश अवस्थी, अनुज अवस्थी, केतन अवस्थी, रवि नीखरा, केके बृजपुरिया, लखन रैकवार, गौरव शुक्ला, एलपी पिपरसानियां, रमाशंकर शुक्ला, रामशंकर अवस्थी, पप्पू पंसारी, जयकृष्ण चौबे, पंकज पाठक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं दर्शक मौजूद रहे।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने किया सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



छतरपुर। लोक निर्माण विभाग के नौगांव उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का विभागीय अधिकारियों द्वारा जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की तथा संबंधित इंजीनियरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।
निरीक्षण के दौरान बढ़ुआ पुरवा मार्ग, झिकमऊ मार्ग, बेदार से कुर्राहा मार्ग, गौर से गर्रापुरवा मार्ग, गौर से लहर मार्ग, गुरसारी से भैरोगंज मार्ग तथा देवपुर से खनदेवरा मार्ग सहित अनेक प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया।
इस दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री आशीष भारती, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री श्रेया त्रिपाठी एवं उपयंत्री रामदत्त मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दोनों इंजीनियरों को सड़क निर्माण कार्य समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



धर्मनगरी छतरपुर में गूंजे जिनेंद्र प्रभु के जयकारे, सिद्धचक्र महामंडल विधान के शुभारंभ पर निकली भव्य घटयात्रा

छतरपुर। धर्मनगरी छतरपुर में रविवार को जिनभक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मेला ग्राउंड स्थित अजितनाथ जिनालय परिसर में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और विधि-विधान के साथ हुआ। प्रथम दिन नेमिनाथ जिनालय से भव्य घटयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता की। मंगल कलश धारण किए महिलाओं और श्रीजी की प्रतिमा लेकर चल रहे श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। घटयात्रा के मेला ग्राउंड पहुंचने पर धर्म ध्वजा का ध्वजारोहण, मंडप प्रतिष्ठा, घट स्थापना तथा श्रीजी की शांतिधारा एवं अभिषेक संपन्न हुआ। आर्यिका श्री 105 विनतमति माताजी, आर्यिका श्री 105 अनघ्यमति माताजी, आर्यिका श्री 105 समयमती माताजी एवं आर्यिका श्री 105 साकारमती माताजी ससंघ के पावन सानिध्य तथा विधानाचार्य संजीव भैया जी के मंत्रोच्चार के साथ महामहोत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, जनकल्याण और आत्मकल्याण की मंगल भावना के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।

जहां सरकार कॉलेजों को ऑटोनोमस बना रही, वहां हमारा ऑटोनोमस महाराजा कॉलेज क्यों छीनाः दीप्ति पांडेय

छतरपुर।



महाराजा महाविद्यालय की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक पहचान को पुनरुथापित करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा महाराजा कॉलेज बचाओ संघर्ष अभियान दसवें दिन भी जोरदार तरीके से जारी रहा। अभियान को राजनगर विधानसभा क्षेत्र से व्यापक जनसमर्थन मिला। प्रमोद तिवारी पांडे, बृज किशोर पांडे, वीरेंद्र तिवारी, पीयूष दीक्षित, आकाश दीक्षित, मंजू शर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर महाराजा कॉलेज को पुनः स्वतंत्र पहचान दिलाने की मांग का समर्थन किया।

अभियान के दौरान 120 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हस्ताक्षर किए। छात्राओं ने कहा कि उनके माता-पिता बड़ी मुश्किल से उनकी पढ़ाई का खर्च उठाते हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय की बढ़ती फीस और शिक्षा की गिरती गुणवत्ता उनके लिए चिंता का विषय है। छात्राओं ने एक स्वर में कहा-हमें हमारा महाराजा कॉलेज वापस चाहिए। अभियान की अगुवाई कर रहीं दीप्ति पांडेय ने कहा कि यह केवल किसी एक कॉलेज का विषय नहीं, बल्कि छतरपुर की ऐतिहासिक शैक्षणिक पहचान और हजारों विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि जब सरकार प्रदेश के महाविद्यालयों को ऑटोनोमस का दर्जा देने की दिशा में आगे बढ़ रही है, तो महाराजा महाविद्यालय, जो पहले से ही ऑटोनोमस था, उसकी स्वतंत्र पहचान समाप्त क्यों की जा रही है। दीप्ति पांडेय ने कहा कि महाराजा कॉलेज से पढ़कर निकले हजारों विद्यार्थियों की भावनाएं इससे जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि अभियान लगातार जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। दसवें दिन भी विद्यार्थियों और आम लोगों में अभियान को लेकर उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि महाराजा कॉलेज की स्वतंत्र पहचान और स्वायत्तता बहाल होने तक संघर्ष जारी रहेगा। अभियान से जुड़े लोगों ने प्रशासन और सरकार से विद्यार्थियों की मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए महाराजा महाविद्यालय को उसका पुराना गौरव और स्वतंत्र पहचान वापस दिलाने की मांग की है।

नदीखेरा लूटकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश जारी

घुवारा चौकी पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार



छतरपुर। चौकी घुवारा, थाना भगवां पुलिस ने ग्राम नदीखेरा के पास गल्ला व्यापारी के साथ हुई लूट और मारपीट के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी तरुण पटेल कुशवाहा पिता मिथलेश कुशवाहा, निवासी वार्ड क्रमांक 4, बड़ा मलहरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

अगस्त में हुई थी लूट की वारदात

पुलिस के अनुसार अगस्त माह में भगवां रोड पर ग्राम नदीखेरा के पास गल्ला व्यापारी के साथ लूट की घटना हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने व्यापारी के साथ मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने इससे पहले तीन आरोपियों इंद्रपाल उर्फ सत्येंद्र यादव निवासी वार्ड क्रमांक 7 बड़ा मलहरा, प्रिंस राजा बुंदेला निवासी वार्ड क्रमांक 6 बड़ा मलहरा और विश्वजीत सिंह उर्फ बड़े राजा निवासी ग्राम टहनगा, थाना बड़ा मलहरा को गिरफ्तार किया था।

एसपी की मॉनिटरिंग में जारी रही कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा ने मामले की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए घटना में शामिल शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस टीम को दिए थे। निर्देशों के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी तरुण पटेल कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक इस लूट की घटना में दो अन्य आरोपी भी शामिल हैं, जिनकी तलाश लगातार की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छतरपुर आदित्य पटले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवां निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक छत्र प्रकाश, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, आरक्षक रोहित, राजेश प्रजापति, हरि सिंह, प्रमोद, भरत, सुनील, विजय तथा साइबर सेल से प्रधान आरक्षक किशोर और आरक्षक दीपक कुशवाहा सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बाणसागर में नौसेना का प्रशिक्षण केंद्र बनाने की तैयारी
बांध क्षेत्र में नौसेना को प्रशिक्षण के लिए मिलेगा अलग टापू

रीवा।

बाणसागर बांध में भारतीय नौसेना के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की दिशा में अब प्रक्रिया आगे बढ़ने लगी है। जल संसाधन विभाग ने प्रस्ताव से जुड़ी आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और अन्य अनुमतियों की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्ताव के मुताबिक बांध क्षेत्र में नौसेना के प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों के लिए अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा।


सरसी आईलैंड रहेगा पर्यटन के लिए सुरक्षित

इसके लिए तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। नौसेना के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होने पर बाणसागर बांध में नौसेना की गतिविधियों का नया अध्याय शुरू होगा। वहीं, क्षेत्र में जल पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। खास बात यह है कि प्रशिक्षण केंद्र के लिए प्रस्तावित क्षेत्र से सरसी आईलैंड को अलग रखा जाएगा, ताकि वहां पर्यटन गतिविधियों के विकास की संभावनाएं प्रभावित न हों।जल संसाधन विभाग, गंगा कछार के चीफ इंजीनियर वीके मंडलोई के अनुसार बाणसागर बांध में नौसेना प्रशिक्षण केंद्र से जुड़ा मामला अभी प्रक्रियाधीन है। आवश्यक अनुमतियों और एनओसी की प्रक्रिया के बाद ही इस संबंध में आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

छह टापुओं में से बड़े टापू पर बनेगा नौसेना का प्रशिक्षण क्षेत्र

बाणसागर बांध के जल क्षेत्र में करीब छह अलग-अलग टापू हैं। वर्तमान में इनमें से सरसी आईलैंड का पर्यटन के लिहाज से उपयोग किया जा रहा है। अब नौसेना के प्रशिक्षण केंद्र के लिए सरसी से अलग एक बड़े आकार के टापू को चिह्नित किए जाने की तैयारी है। प्रस्ताव के अनुसार इसी क्षेत्र में नौसेना का कैंप और प्रशिक्षण से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा सकती हैं। इससे एक ओर नौसेना की गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा, वहीं दूसरी ओर सरसी आईलैंड को पर्यटन के लिए विकसित करने का रास्ता भी खुला रहेगा।

कुछ दिन पहले नौसेना के अधिकारियों ने किया बांध का निरीक्षण

प्रशिक्षण केंद्र की संभावनाओं को लेकर नौसेना के अधिकारियों का दल कुछ दिन पहले बाणसागर बांध क्षेत्र का भ्रमण भी कर चुका है। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के लिए संभावित स्थानों और बांध क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया। इसके बाद प्रस्ताव से जुड़ी विभागीय प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। हालांकि अभी यह योजना प्रारंभिक और प्रक्रियाधीन स्तर पर है। अंतिम रूप से प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना और गतिविधियां शुरू होने से पहले संबंधित विभागों से सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करना जरूरी होगा।

तीन राज्यों से जुड़ा है बाणसागर बांध

यूपी-बिहार की मंजूरी जरूरीबाणसागर बांध की परियोजना तीन राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार से जुड़ी है। ऐसे में केवल मध्यप्रदेश की अनुमति से प्रस्ताव को अंतिम रूप नहीं दिया जा सकता। जल संसाधन विभाग की ओर से आवश्यक एनओसी की प्रक्रिया केंद्र सरकार के स्तर पर भेजी गई है, लेकिन उत्तरप्रदेश और बिहार सरकार की मंजूरी भी आवश्यक होगी। विभागीय स्तर पर स्पष्ट किया गया है कि जब तक संबंधित राज्यों से आवश्यक अनुमति नहीं मिलती, तब तक बांध क्षेत्र में प्रस्तावित नौसेना गतिविधियों को औपचारिक रूप से शुरू करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

सरसी आईलैंड पर जारी रहेंगी पर्यटन की संभावनाएं

बाणसागर का सरसी आईलैंड विंध्य क्षेत्र में जल पर्यटन के प्रमुख आकर्षण के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसे में नौसेना प्रशिक्षण केंद्र के लिए अलग क्षेत्र निर्धारित करने की योजना को पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।योजना के तहत नौसेना प्रशिक्षण और पर्यटन के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए जाएंगे। इससे सुरक्षा और प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों के साथ सरसी आईलैंड पर पर्यटन विकास को भी आगे बढ़ाने की संभावना बनी रहेगी।

नशे के खिलाफ अनोखा प्रदर्शनः

कफ सिरप की शीशियों की माला पहनकर सफाई अभियान शिल्पी प्लाजा के पास चलाया स्वच्छता अभियान



रीवा। गांधी जयंती पखवाड़े के दौरान रविवार को रीवा शहर में नशे के खिलाफ जागरूकता का अनोखा तरीका देखने को मिला। नशामुक्ति के लिए काम कर रहे समाजसेवी सुजीत द्विवेदी ने महिलाओं और बच्चों के साथ शहर के शिल्पी प्लाजा के समीप सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नशीली कफ सिरप की खाली शीशियों को एकत्र कर उनकी माला बनाई गई और उसे गले में पहनकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ नशामुक्ति का संदेश दिया गया। गले में कफ सिरप की शीशियों की माला पहने समाजसेवी और उनके साथ मौजूद महिलाओं एवं बच्चों ने लोगों से मेडिकल नशे से दूर रहने की अपील की। प्रदर्शन का उद्देश्य विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नशे के बढ़ते चलन के प्रति सचेत करना था। समाजसेवी सुजीत द्विवेदी ने कहा कि मेडिकल नशे का बढ़ता चलन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। युवा वर्ग नशीली कफ सिरप समेत अन्य मादक पदार्थों की गिरफ्त में आ रहा है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण युवाओं के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते युवा पीढ़ी को नशे से दूर नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी पर भी इसका असर पड़ेगा। उनके मुताबिक मेडिकल नशे के कारण युवाओं के स्वास्थ्य और प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए कफ सिरप की खाली शीशियों से बनी माला पहनकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। सफाई के साथ नशामुक्ति का संदेशअभियान में एक तरफ शहर की सफाई की गई, वहीं दूसरी तरफ सफाई के दौरान मिली नशीली कफ सिरप की खाली शीशियों को लोगों के सामने जागरूकता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। आयोजकों का कहना था कि जिस नशे के कारण ये शीशियां शहर में कचरे के रूप में दिखाई दे रही हैं, उसके खिलाफ समाज को भी जागरूक होना होगा।महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि नशे का प्रभाव केवल नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है।

पुलिस अभियान के बावजूद चुनौती बरकरार

रीवा में मेडिकल नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री और परिवहन के मामलों में कार्रवाई भी होती रही है। इसके बावजूद सामाजिक संगठनों और नशामुक्ति के लिए काम करने वाले लोगों का कहना है कि मेडिकल नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रह सकती। उनका मानना है कि नशे के कारोबार पर कार्रवाई के साथ युवाओं और उनके परिवारों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाना भी जरूरी है। गांधी जयंती पखवाड़े में आयोजित यह अभियान इसी सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक प्रयास रहा।

14 से 19 अक्टूबर तक कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होगा निःशुल्क गरबा-डांडिया महोत्सव, आयोजन की तैयारियों को लेकर बनी रणनीति



रीवा। हिंदू उत्सव समिति (धर्म परिवार) द्वारा आगामी शारदेय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य गरबा महोत्सव को लेकर होटल जीत रेजिडेंसी के सभागार में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 14 से 19 अक्टूबर 2026 तक कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम, रीवा में आयोजित होने वाले निःशुल्क गरबा-डांडिया महोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और आयोजन को ऐतिहासिक सफलता देने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।बैठक की शुरुआत में धर्म परिवार में नए सदस्य के रूप में जुड़े कुलदीप गुप्ता और आकाश पांडेय का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू भैया', आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर, जिला युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा गुड्डू, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती ऋचा गुप्ता, नगर युवा अध्यक्ष सुमित मांजवानी, नगर उपाध्यक्ष मनीष साहू, युवा उपाध्यक्ष प्रशांत तिवारी, राजेश साहू, चांदनी गुप्ता, काजल त्रिपाठी, वर्षा शुक्ला, प्रतिभा मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, और शुभ्रांशु पयासी सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला एवं युवा शाखा के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महोत्सव में अधिक से अधिक परिवारों एवं युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने, आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, अनुशासन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर गहन विचार-विमर्श कर सभी की जिम्मेदारियां तय की गईं। पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि धर्म परिवार द्वारा आयोजित यह निःशुल्क गरबा महोत्सव केवल मनोरंजन का केंद्र नहीं है, बल्कि यह हमारी धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कारों, संस्कृति, सामाजिक समरसता और पारिवारिक सहभागिता का एक अनूठा संदेश देने वाला आयोजन होगा।

गर्भावस्था सुरक्षित रखते हुए निकाला 3.5 किलो का ट्यूमर, एसजीएमएच में चार माह की गर्भवती महिला की जटिल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी



रीवा। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय (एसजीएमएच) के सर्जरी विभाग की टीम ने एक गर्भवती महिला की जटिल और चुनौतीपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक की। महिला चार माह की गर्भवती थी और उसके पेट में करीब साढ़े 3 किलो का ओवेरियन ट्यूमर था। पेट में दर्द और खान-पान में परेशानी के बाद जांच कराने पर बड़े आकार के ट्यूमर का पता चला। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि ट्यूमर निकालने के साथ गर्भावस्था को भी सुरक्षित रखना था। महिला का हीमोग्लोबिन भी काफी कम था। चिकित्सकों ने पहले ब्लड ट्रांसफ्यूजन और आयरन के इंजेक्शन देकर उसकी स्थिति को ऑपरेशन के लिए बेहतर किया। इसके बाद सर्जरी, एनेस्थीसिया, स्त्री एवं प्रसूति रोग, ब्लड बैंक और रेडियोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों की संयुक्त तैयारी के बाद 29 सितंबर को ऑपरेशन किया गया। चिकित्सकीय टीम ने लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला के पेट से करीब 3.5 किलोग्राम का ओवेरियन ट्यूमर निकाला। गर्भावस्था को देखते हुए ऑपरेशन के दौरान विशेष सावधानी बरती गई। सर्जरी के बाद महिला को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। उसकी हालत में संतोषजनक सुधार होने के बाद करीब चार दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गर्भावस्था में ऐसी सर्जरी तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्णचिकित्सकों के अनुसार गर्भावस्था के दौरान इतने बड़े आकार के ओवेरियन ट्यूमर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी चुनौतीपूर्ण होती है। इसमें महिला के साथ गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा भी सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। इस मामले में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों के समन्वय से ऑपरेशन की पूरी योजना तैयार की गई और सफलतापूर्वक सर्जरी की गई।

मिनिमल इनवेसिव सर्जरी में बढ़ रही एसजीएमएच की क्षमता अस्पताल अधीक्षक एवं ऑपरेशन के प्रभारी चिकित्सक डॉ. प्रियंक शर्मा ने बताया कि एसजीएमएच में आधुनिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। भविष्य में मिनिमल इनवेसिव सर्जरी के क्षेत्र में सुपर स्पेशियलिटी स्तर के प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में भी तैयारी की जा रही है। इससे मेडिकल कॉलेज और क्षेत्र के मरीजों को उन्नत सर्जिकल उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

क्योटी जलप्रपात में नहाते समय पानी के बहाव में गिरे वृद्ध की मौत, दूसरे दिन मिला शव

रीवा।



जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी जलप्रपात में नहाते समय पानी के तेज बहाव में गिरे 62 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। शनिवार को हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन अंधेरा होने के कारण तत्काल रेस्क्यू अभियान नहीं चलाया जा सका। रविवार सुबह से शुरू की गई तलाश के बाद दोपहर में वृद्ध का शव जलप्रपात के नीचे से बरामद कर बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारा निवासी विश्राम साकेत (62) शनिवार सुबह करीब 11 बजे घर से निकले थे। इसके बाद देर तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि क्योटी जलप्रपात में नहाते समय एक वृद्ध पानी के तेज बहाव में प्रपात के नीचे गिर गया है। जानकारी मिलने पर परिजन क्योटी जलप्रपात पहुंचे। वहां विश्राम साकेत के जूते रखे मिले। आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि एक वृद्ध जलप्रपात में नहा रहा था और अचानक पानी के बहाव की चपेट में आकर प्रपात के नीचे गिर गया। इसके बाद परिजनों ने तत्काल सिरमौर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। हालांकि शाम होने और अंधेरा बढ़ जाने के कारण जलप्रपात के नीचे उतरकर रेस्क्यू करना जोखिम भरा था। ऐसे में शनिवार रात शव की तलाश रोकनी पड़ी।रविवार सुबह पुलिस और रेस्क्यू टीम ने दोबारा अभियान शुरू किया। जलप्रपात के नीचे पानी और आसपास के हिस्से में वृद्ध की तलाश की गई। काफी प्रयास के बाद दोपहर में विश्राम साकेत का शव बरामद कर लिया गया। शव को बाहर निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका अलग-अलग जगहों पर इलाज भी कराया जा रहा था। हालांकि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही होगी सिरमौर पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

खेलते-खेलते घर के सामने तालाब पहुंची 5 वर्षीय मासूम, डूबने से मौत



रीवा।

जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिलचट में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 5 वर्षीय मासूम बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घर के बाहर खेल रही बच्ची अचानक लापता हो गई। परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की तो कुछ देर बाद उसका शव घर के सामने स्थित अमहा तालाब में मिला। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक सिलचट निवासी रवि केवट की 5 वर्षीय बेटी काजल केवट रविवार दोपहर घर के बाहर खेल रही थी। परिजनों के अनुसार घर के ठीक सामने अमहा तालाब है। आशंका जताई जा रही है कि खेलते-खेलते बच्ची तालाब के किनारे पहुंच गई और पैर फिसलने के कारण पानी में गिर गई। बच्ची के तालाब में पहुंचने और डूबने की जानकारी परिवार के लोगों को नहीं हो सकी। काजल जब काफी देर तक घर के आसपास नजर नहीं आई तो परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने पहले घर और आसपास के क्षेत्र में बच्ची की तलाश की। गांव में भी लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद परिजन और ग्रामीण तालाब की ओर पहुंचे। वहां तलाश करने पर बच्ची का शव पानी में मिला। तालाब से बच्ची को बाहर निकालकर परिजन तत्काल उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर पहले घर के बाहर खेल रही काजल की मौत से परिजन सदमे में हैं। घटना की सूचना मिलने पर गुढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर बच्ची की मौत पानी में डूबने से होना सामने आया है। पुलिस हादसे के पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



रीवा ।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का आयोजन अग्रवाल समाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ी पूजा और सबसे बड़ा दान है। रक्तदान से हम तीन जरूरतमंदों की जान बचा सकते हैं। रक्तदान करने के लिए 18 साल से 65 साल का हर स्वस्थ व्यक्ति उपयुक्त है। साल में कम से कम दो बार हर व्यक्ति रक्तदान करे। नियमित रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है तथा हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बहुत कम हो जाता है। लोगों को रक्तदान के लिए जागरूकर करना आवश्यक है। ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त न होने के कारण सीवियर एनिमिक गर्भवती महिलाओं के उपचार तथा जटिल ऑपरेशन में बाधा उत्पन्न होती है। संजय गांधी हास्पिटल, मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल तथा जिला रेडक्रास समिति में रक्त भण्डारण की पर्याप्त क्षमता है। हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके मानवता के कल्याण में भागीदारी निभाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में रक्तदान के प्रति लोगों के मन में संकोच है। कई बार अपने घर परिवार के सदस्यों की जान बचाने के लिए भी रक्तदान करने में लोग हिचकिचाते हैं। रक्तदान से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं आती है। मैंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितम्बर को रक्तदान किया और दिन में सात से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मुझे किसी भी तरह की थकान और कमजोरी महसूस नहीं हुई। अग्रवाल समाज ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर पूरे रीवा के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य लोग भी इससे रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने 32 बार रक्तदान करने वाले राकेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा, संजय गांधी हास्पिटल की टीम तथा रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कैलाशचन्द्र अग्रवाल, महिला प्रांताध्यक्ष श्रीमती वीणा बंसल, अजय अग्रवाल, मोहित अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

366 वोट से जीत के बाद सांसद पुत्र का काफिला निकला

विरोधी के घर के सामने मनाया जश्न चुनाव से पहले साइकिल से प्रचार और कलेक्ट्रेट में धरने को लेकर भी रहे थे चर्चा में



रीवा। जिले की हिनौता ग्राम पंचायत में सरपंच पद के उपचुनाव का परिणाम आने के बाद अब जीत के जश्न का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वीडियो में नवनिर्वाचित सरपंच और सांसद जनार्दन मिश्रा के पुत्र अंकुर मिश्रा समर्थकों के साथ वाहनों के काफिले में नजर आ रहे हैं। काफिला विरोधी प्रत्याशी के घर के सामने पहुंचा, जहां तेज आवाज में गाने बजाकर जश्न मनाया गया। हिनौता पंचायत का यह उपचुनाव शुरुआत से ही राजनीतिक और पारिवारिक घटनाक्रमों को लेकर चर्चा में रहा। अंकुर मिश्रा ने चुनाव के दौरान खुद को सांसद पुत्र के बजाय आम प्रत्याशी के रूप में पेश किया था। उन्होंने साइकिल से गांव में प्रचार किया और अपने पिता से राजनीतिक एवं पारिवारिक दूरी की बात भी सार्वजनिक रूप से कही थी। 3 अक्टूबर को घोषित परिणाम में अंकुर मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 366 वोटों के अंतर से हराकर सरपंच पद पर जीत दर्ज की। उन्हें निर्वाचन अधिकारियों की ओर से जीत का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अंकुर मिश्रा अपने प्रस्तावक से जुड़े कथित अपहरण के मामले को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौन धरने पर भी बैठे थे। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की थी। प्रस्तावक की ओर से भी दबाव बनाए जाने के आरोप लगाए गए थे, हालांकि उस समय इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई थी। प्रशासन की ओर से जांच का आश्वासन दिए जाने की बात सामने आई थी।बॉक्स *जीत के बाद बदला माहौल, काफिले का वीडियो चर्चा में*अब चुनाव परिणाम के बाद सामने आए वीडियो ने पंचायत के सियासी माहौल को फिर गर्म कर दिया है। वीडियो में वाहनों का काफिला दिखाई दे रहा है और समर्थक जीत का जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। काफिला विरोधी प्रत्याशी के घर के सामने भी पहुंचा था। इस वीडियो को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोग इसे चुनावी जीत का सामान्य जश्न बता रहे हैं, तो कुछ लोगों का कहना है कि यदि जुलूस वास्तव में विरोधी प्रत्याशी के घर के सामने जाकर निकाला गया, तो इससे पंचायत में चुनावी प्रतिस्पर्धा के बाद अनावश्यक तनाव पैदा हो सकता है।